गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट./2021

28.01.2021

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई – 400051 **प्रतीक: - गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिंग विभाग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001 **स्क्रिप कोड - 532155**

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया "**गेल गैस को एफ़आईपीआई द्वारा वर्ष की 'स्थापित-शहर गैस वितरण कंपनी' का अवार्ड प्रदान किया गया**" की प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है ।

उपरोक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है।

धन्यवाद,
भवदीय,

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्न: उपरोक्त के अनुसार

प्रति:
इयूश बैंक एजी, फिलियाली मुंबई
टीएसएस और ग्लोबल इक्विटी सर्विसेज
द कैपिटल, 14 वीं मंजिल
सी -70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई -400051

ध्यानाकर्षण - सुश्री अपर्णा सलुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल गैस को एफआईपीआई द्वारा 'वर्ष की स्थापित-शहर गैस वितरण कंपनी' का अवार्ड प्रदान किया गया

नई दिल्ली, 28 जनवरी, 2021: गेल गैस लिमिटेड को फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री (एफआईपीआई) द्वारा 'वर्ष की स्थापित - शहर गैस वितरण कंपनी' का अवार्ड प्रदान किया गया । यह अवार्ड माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल श्री मनोज जैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गेल गैस श्री एम. वी. रवि सोमेश्वरुडु को यहां आयोजित एफआईपीआई तेल और गैस उद्योग के वार्षिक अवार्ड-2020 समारोह में प्रदान किया ।

यह अवार्ड वर्ष के दौरान भारत में एक भौगोलिक क्षेत्र (जीए) में घरेलू, औद्योगिक, परिवहन और वाणिज्यिक क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस के वितरण हेतु शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के प्रचालन द्वारा निष्पादन नेतृत्व को पहचान दिलाता है ।

गेल (इंडिया) लिमिटेड की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी गेल गैस लिमिटेड, पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत 23 भौगोलिक क्षेत्रों में लगभग 52 शहरों / कस्बों में शहर गैस वितरण नेटवर्क का प्रचालन कर रही । अपने संयुक्त उद्यम के साथ यह लगभग 4.64 लाख घरों में पीएनजी की आपूर्ति उपलब्ध करा रही है और इसने 166 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं। यह न्यूनतम कार्बन फुट प्रिंट वाले ईंधन सेल प्रौद्योगिकी को भी बढ़ावा दे रही है। गेल गैस भारत सरकार की किफायती परिवहन योजना (एसएटीएटी) की ओर सतत विकल्प को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है और आज की तारीख तक 33 एलओआई जारी किए गए हैं । गेल गैस स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग पर एलएनजी / एलसीएनजी स्टेशन भी स्थापित कर रही है।

गेल गैस ने 2018-19 और 2019-20 के दौरान बुनियादी ढांचे, वॉल्यूम, टर्नओवर और लाभ में काफी वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी ने 52 नए सीएनजी स्टेशनों और 1 लाख से अधिक घरेलू पीएनजी कनेक्शन के साथ क्रमशः 90% और 53% की वृद्धि दर्ज की । कंपनी ने दुर्घटना मुक्त प्रचालन के साथ कार्य स्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित की है।